कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में फिटनेस वीथ गरबा

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग द्वारा एक सप्ताह का फीटनेस वीथ गरबा का आयोजन किया गया जिसके समापन के अवसर पर फील ऐकेडमी के संचालक कोरियोग्राफर एवं राष्ट्रीय चेस खिलाड़ी श्री महेश दास ने छात्राओं को ढकाला, चिमली गरबा के स्टेप सिखाया एवं मिक्स गरबा सिखाया, इन्होनें स्वयं छात्राओं को करके दिखाया फिर छात्राओं को लगातार अभ्यास बीट्स पर एवं गाने के साथ सिखाया।

डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि हॉबी हब की कोरियोग्राफी श्रीमती सुप्रिया वर्मा ने छात्राओं को बालीवुड गरबा के स्टेपस सीखाया एवं फ्री स्टाईल गरबा डॉस जो किसी भी पंडाल में कर सकते है, का अभ्यास कराया।

इस आयोजन में महाविद्यालय नृत्य विभाग का विशेष योगदान रहा। विभाग की छात्राएँ अनामिका मिश्रा, निशा गुप्ता, उर्वशी निर्मलकर ने छात्राओं को स्टेप सिखाये।

समापन के अवसर पर महाविद्यालय की क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव ने श्री महेश दास, अनामिका, उर्वशी निशा को क्रीड़ा विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस वर्कशाप की सराहना की और सफलतापूर्वक पूर्ण होने की बधाई दी।

इस आयोजन में चंचल, सुमन, राजेश्वरी, तनुजा, श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर ने विशेष सहयोग दिया।

पूरे कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया एवं आभार प्रदर्शन योगा सहायक प्राध्यापक खुश्बू ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में फिटनेस वीथ गरबा